तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **भोमाराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लोहावट)** सू.अ.अपील संख्या 21/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

22.02.22

अपीलार्थी भोमाराम पुत्र दीपाराम जाट, निवासी ग्राम पल्ली प्रथम, तहसील लोहावट, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 05.12.2021 में उसके द्वारा प्रशासन गांवों के संग अभियान, 2021 दिनांक 02.12.2021 को ग्राम पंचायत पल्ली प्रथम पर आयोजित शिविर में खसरा न. 109 राजस्व ग्राम पल्ली प्रथम व खसरा न. 1007 राजस्व ग्राम बापूनगर में प्रार्थी के पक्ष में हकत्याग का नामान्तरण दर्ज करने बाबत हकतर्कनामा की प्रति संलग्न कर शिविर प्रभारी महोदय, प्रशासन गांवों के संग अभियान, 2021 में पेश कर प्राप्ति रसीद प्राप्त की गई, उक्त प्रार्थना पत्र पर हलका पटवारी पल्ली द्वारा दर्ज किये गये नामान्तरकरणों की प्रमाणित प्रति से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लोहावट) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.10 17:14:20 IST
Reason: SelfAttested